‘पुस्तकालय विज्ञान में रंगनाथन का योगदान अविस्मरणीय’

नई दिल्ली (एसएनबी)। लाईब्रेरियन डे के अवसर पर पीजीडीएवी कॉलेज (सांध्य) दिल्ली विश्वविद्यालय ने भारत में पुस्तकालय विज्ञान के जनक पद्म श्री डॉ. एसआर रंगनाथन की जयंती मनाई। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में डॉ. एसआर रंगनाथन का अभूतपूर्व योगदान है। लाईब्रेरी साइंस में आज जो भी परिवर्तन हो रहे हैं, उसकी नींव रखने का श्रेय देश के पहले विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष उन्हीं को जाता है। इस मौके पर प्रोफेसर नागेंद्र शर्मा, प्रोफेसर नीलोत्पल मृणनाल, एसोशिएट प्रोफेसर संगीता शर्मा, पवन कुमार मैठानी, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मयंक पांडेय, असिस्टेंट प्रोफेसर रनकेश मीणा, प्रोफेसर अनिता बजाज, प्रोफेसर मृदुला अरोड़ा, एसोसिएट प्रोफेसर रेणुकाधर बजाज, डॉ. राजकुमारी पांडेय, उदिता अग्रवाल, रमेश कुमार आदि उपस्थित थे।